भारत सरकार / GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 23.08.2023

आरेडिका में 88वें अखिल भारतीय रेलवे एथलेटिक चैंपियनशिप की रंगारंग शुरूआत

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना में दिनांक 23.08.2023 से 25.08.2023 तक 88वें अखिल भारतीय रेलवे एथलेटिक चैंपियनशिप का आयोजन पूरे उत्साह के साथ हो रहा है। जिसमें 15 रेलवे जोन एवं 6 प्रोडक्शन यूनिटों, आरपीएफ, आरडीएसओ, एवं रेलवे बोर्ड सहित 450 खिलाड़ी तथा ऑब्जर्बर, टेक्नीकल ऑफिशियल, एथलेटिक फेडरेशन एवं रेलवे बोर्ड स्पोर्टस प्रमोशन बोर्ड के 130 पदाधिकारी सहित लगभग 580 सदस्य शामिल होंगे। महाप्रबंधक महोदय श्री पी के मिश्रा ने शाम 6 बजे खिलाड़ियो की प्रतिज्ञा शपथ के साथ कार्यक्रम की औपचारिक शुरूआत की। प्रथम दिन हैमर थ्रो, ट्रिपल जंप 35 किमी रेस वाक जैसी 3 प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

इस चैंपियनशिप में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतियोगताओं में प्रतिभाग कर चुके खिलाड़ी भी शामिल हो रहे हैं वे चैंपियनशिप का मुख्य आकर्षक रहेंगे, इनमें पद्मश्री एवं अर्जुन आवाड़ी सुश्री सुधा सिंह प्रमुख नाम हैं। इसमें पुरूष खिलाड़ियों की कुल 24 एवं महिला खिलाड़ियों की 23 प्रतियोगिताएँ सहित कुल 47 प्रतियोगिताएँ आयोजित की जाएँगी। इससे आरेडिका और आस पास के खिलाड़ियों में खेलों के प्रति सकारात्मक ऊर्जा का संचार एवं खेलों के प्रति आकर्षण बढेगा, और खेलों के संबंध में गहन समझ का विकास होगा।

आरेडिका खेल–कूद संघ के अध्यक्ष श्री संजय कुमार कटियार ने बताया कि आगुन्तक खिलाड़ियों उनके कोचों, टेक्नीकल ऑफिशियल और रेलवे बोर्ड के अधिकारियों के लिए आरेडिका के खेलकूद संघ द्वारा रहने–खाने की उचित व्यवस्था की गयी है। खिलाड़ियों के उचित मार्गदर्शन हेतु एक नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गयी है। जिससे खिलाडियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़े और एक स्वच्छ प्रतियोगता का सफल अयोजन हो सके।

23/8/2023

(आर एन तिवारी)
मुख्य जन–संपर्क अधिकारी